<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 22.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. महिला आरक्षण बिल को लेकर राज्य में सियासी बयानबाजी तेज, भाजपा विधायक नीरा यादव ने राहुल गांधी पर साधा निशाना, कांग्रेस ने की आरक्षण तुरंत लागू करने की मांग।
2. मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में झामुमो की अहम बैठक, एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं को सतर्क रहने का निर्देश, भाजपा ने किया पलटवार।
3. रांची और हटिया से 8 नई समर स्पेशल ट्रेनों की घोषणा, गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों को मिलेगी राहत।
4. राज्य के अधिकांश हिस्सों में अगले दो दिन लू का अलर्ट, दक्षिणी जिलों में बादल छाने की संभावना।

और

5. धनबाद में भारत–नेपाल मूक–बधिर अंडर–19 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत की शानदार जीत, खिताबी मुकाबला जारी।

****

महिला आरक्षण बिल को लेकर राज्य में सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा विधायक नीरा यादव ने रांची में एक राजनीतिक कार्यक्रम में राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के हक को दबाया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को उनका वास्तविक अधिकार दिया है।

****

इधर, झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस ने राजधानी रांची और धनबाद समेत राज्य के कई हिस्सों में कल प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रमा खलखो ने आरोप लगाया कि आरक्षण को जनगणना और परिसीमन से जोड़कर केंद्र सरकार महिलाओं को धोखा दे रही है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झामुमो की अहम बैठक हुई। इसमें 12 जिलों के पदाधिकारियों के साथ संगठन विस्तार, जनगणना और मतदाता सूची पुनरीक्षण पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं को सतर्क किया है कि इस प्रक्रिया में गड़बड़ी हो सकती है। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी जनगणना की चुनौतियों पर भी रणनीति बनाई गई।

****

इस बीच झामुमो की आशंकाओं पर पलटवार करते हुए नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि एसआईआर की प्रक्रिया न पहली बार हो रही है और न ही आखिरी बार। यह मतदाता सूची को शुद्ध करने की एक सामान्य संवैधानिक प्रक्रिया है। विपक्ष जानबूझकर जनता के बीच भ्रम फैला रहा है ताकि अपनी राजनीतिक जमीन बचा सके।

****

भाजपा ने अबुआ आवास योजना को लेकर राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सरकार पर घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य सरकार ने 20 लाख अबुआ आवास देने का बड़ा दावा किया था, लेकिन सच्चाई यह है कि अब तक केवल 20 हजार आवास ही बन सके हैं।

हालांकि सत्ता पक्ष का दावा है कि योजना पूरी पारदर्शिता के साथ चल रही है और वित्तीय वर्ष 2026–27 के बजट में इसके लिए विशेष प्रावधान भी किया गया है।

****

चतरा जिले में केंद्रीय योजनाओं और कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

रांची के रेल यात्रियों के लिए बड़ी खबर। गर्मी की छुट्टियों में टिकटों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बड़ी राहत दी है। विभाग ने यात्रियों की सुविधा के लिए 8 नई समर स्पेशल ट्रेनों के परिचालन की घोषणा की है। हटिया रेल मंडल की अधिकारी ने बताया कि इससे छुट्टियों में यात्रा करने वाले लोगों को कंफर्म टिकट की समस्या से निजात मिलेगी।

****

आज विश्व पृथ्वी दिवस है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए समर्पित इस दिन पर झारखंड सहित पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस बीच पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण में हो रहे बदलावों पर गहरी चिंता जताई है। श्री जायसवाल ने बढ़ते प्रदूषण और वैश्विक स्तर पर युद्ध के हालातों को प्रकृति के लिए बड़ा खतरा बताया।

****

राज्य में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार, अगले दो दिनों तक राज्य के अधिकांश जिलों में लू की स्थिति बनी रहेगी। हालांकि, दक्षिणी हिस्सों में राहत की उम्मीद है। पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, गुमला, सिमडेगा और खूंटी में आज बादल छाए रहने की संभावना है, जिससे तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है।

****

धनबाद के जियलगोड़ा स्टेडियम में चल रहे भारत–नेपाल अंडर–19 मूक–बधिर क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत ने नेपाल को हरा दिया है। नेपाल के 105 रनों के लक्ष्य को भारतीय टीम ने 8 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज रेलवे स्टेडियम में खेला जा रहा है।

****

दिल्ली हाई कोर्ट ने हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह को अदालत की अवमानना का दोषी करार दिया है। अदालत ने यह फैसला उपाध्यक्ष सईद असीमा अली की याचिका पर सुनाया है। आरोप है कि कोर्ट के पिछले आदेश के बावजूद महासचिव ने उन्हें कार्यकारी बोर्ड की बैठकों में शामिल होने के लिए डिजिटल लिंक उपलब्ध नहीं कराए।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा रांची में बांटे गये नियुक्ति पत्र की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– पांच करोड़ तक के साइबर केस में कोर्ट नहीं, एजुकेटिंग अफसर करेंगे सुनवाई, मुआवजा देने का भी आदेश देंगे।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– फर्जी वेतन निकासी को ले आठ जिले रडार पर।

प्रभात खबर की सुर्खी है– जेपीएससी की आंसर–की में 75 जवाब गलत, अगले दिन इसमें किया सुधार।

दैनिक जागरण के अनुसार– 48 एकड़ जमीन और 40 लाख रुपये विवाद में दोस्त को मार दी गोली, मौत।

********समाप्त********